NT>

Title: Need for early construction of a road over-bridge on National Highway-31 at Chukti Dhala between Mansi and Maheshkhun Railway Stations in Khagaria District, Bihar.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : उपाध्यक्ष महोदय, खगड़ियां जिला के मानसी और महेशखुंट रेलवे स्टेशन के बीच चुकती ढाला, (एनएच-31) पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण हेतु करीब ढ़ाई वर्ा पूर्व तत्कालीन रेल राज्य मंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया था लेकिन अधिकारियों के अड़चनों एवं अकर्मण्यता के कारण अपार जनहित के इस कार्य को प्रारम्भ नहीं किया जा सका है जबकि इस निर्माण कार्य हेतु भूतल परिवहन मंत्रालय तथा रेल मंत्रालय में आपसी सहमति भी हो चुकी है। चुकती ढाला होकर एनएच-31 क्रॉस करती है जो बिहार राज्य का अत्यन्त महत्वपूर्ण राट्रीय राजमार्ग है। बिहार, असम एवं अन्य राज्यों के मालवाहक ट्रक, बस एवं निजी वाहनों के आवागमन का यह मुख्य मार्ग है। प्रत्येक दिन चुकती ढाला होकर दर्जनों रेलगाड़ियों के गुजरने से एनएच-31 पर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग जाने से घंटों यातायात बाधित हो जाता है। उक्त स्थल में असामाजिक तत्वों के जमाव रहने के कारण आए दिन लूटमार की जाती है। अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि खगड़िया जिला के मानसी एवं महेशखुंट रेलवे स्टेशन के बीच चुकती ढाला (एनएच-31) पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य अविलम्ब प्रारम्भ किया जाए।